भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 111

जिसका उत्तर सोमवार, 1 दिसम्बर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

111. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो निर्धारित कार्य-सूची और उसके परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को मजबूत करने में आरआरबी की प्रगति की भी समीक्षा की है; और

(घ) यदि हां, तो गत पांच वर्षों में आरआरबी की वित्तीय स्थिति में सुधार का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ): सरकार राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तरों पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा नियमित रूप से कर रही है। नाबार्ड के स्तर पर और विभाग के स्तर पर कई समीक्षाएं की गई हैं। पिछले चार वित्तीय वर्षों में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आरआरबी की और भी समीक्षाएं की गई हैं, जिनका ब्यौरा नीचे दिया गया हैः

क्रम सं.	राष्ट्रीय/क्षेत्रीय	तारीख और स्थान
1.	राष्ट्रीय स्तर	07.07.2022 नई दिल्ली में
2.	उत्तर-पूर्वी आरआरबी	21.07.2023 अगरतला में
3.	दक्षिणी आरआरबी	04.08.2023 चेन्नई में
4.	उत्तरी आरआरबी	30.08.2023 नई दिल्ली में
5.	राष्ट्रीय स्तर	19.08.2024 नई दिल्ली में
6.	पश्चिमी-मध्य आरआरबी	22.08.2024 उदयपुर में
7.	उत्तर-पूर्वी आरआरबी	30.09.2024 ईटानगर में
8.	दक्षिणी आरआरबी	09.11.2024 बेंगलुरू में
9.	पूर्वी आरआरबी	29.11.2024 पटना में
10.	कर्नाटक ग्रामीण बैंक	16.10.2025 बेल्लारी में

इसके अलावा, अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में, वित्तीय सेवाएं विभाग ने विभिन्न स्तर पर आरआरबी और प्रायोजक बैंकों के साथ आवधिक और नियमित बैठकें आयोजित की हैं। समीक्षा बैठकों की कार्यसूची मदों में अन्य *बातों के साथ-साथ* निम्नलिखित शामिल हैं –

i. वित्तीय मानकों और प्रौद्योगिकी उन्नयन संबंधी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा।

ii. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पोर्टफोलियो पर जोर।

iii. कृषि-संबद्ध, एमएसएमई और खुदरा क्षेत्रों में ऋण विविधीकरण पर महत्व।

हाल के वर्षों में आरआरबी की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है क्योंकि उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7,571 करोड़ रुपये का, जो कि अब तक का सबसे अधिक समेकित निवल लाभ है, दर्ज किया है, इसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 6,825 करोड़ रुपये का, जो कि दूसरा सबसे अधिक समेकित निवल लाभ है, दर्ज किया है। हालाँकि, यह गिरावट 01 नवंबर 1993 से पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू पेंशन योजना के कार्यान्वयन और कंप्यूटर वेतन वृद्धि देयता के भुगतान के कारण थी। इसके अतिरिक्त, आरआरबी ने पूंजी से जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर), जमा राशियों, अग्रिमों, गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए), ऋण-जमा अनुपात (सीडी अनुपात) आदि जैसे प्रमुख वित्तीय मानकों में निरंतर सुधार दर्शाया है। पिछले पांच वित्तीय वर्षों और चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में प्रमुख वित्तीय मानकों पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का प्रदर्शन अनुबंध में दिया गया है।

सरकार ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई) आदि जैसी विभिन्न वित्तीय समावेशन की योजनाएं पर प्रदर्शन की समीक्षा करके ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को मजबूत बनाने में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा की गई प्रगति की भी समीक्षा की है।

*****

अनुबंध

"क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक " पर दिनांक 01.12.2025 को उत्तर देने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 111 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

प्रमुख वित्तीय मानकों पर आरआरबी का प्रदर्शन

क्रम. सं.	**प्रमुख वित्तीय मानक**	**वित्तीय वर्ष 2020-21**	**वित्तीय वर्ष 2021-22**	**वित्तीय वर्ष 2022-23**	**वित्तीय वर्ष 2023-24**	**वित्तीय वर्ष 2024-25**	**दिनांक 30 सितंबर 2025 की स्थिति के अनुसार** *(अनंतिम)*
1.	कुल जमा (करोड़ रुपये में)	5,25,226	5,62,538	6,08,509	6,59,815	7,13,800	7,20,000
2.	बकाया ऋण (करोड़ रू. में)	3,34,171	3,62,838	4,14,368	4,71,384	5,26,763	5,50,509
3.	ऋण-जमा अनुपात (सीडी अनुपात) (%)	63.6	64.5	68.1	71.4	73.8	76.5
4.	सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) (%)	9.4	9.1	7.2	6.1	5.4	5.8
5.	निवल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) (%)	4.8	4.7	3.2	2.4	2.0	2.3
6.	निवल लाभ (करोड़ रू. में)	1,685	3,219	4,974	7,571	6,825	6,274
7.	निवल संपत्ति (करोड़ रू. में)	30,476	40,177	47,451	56,780	63,927	69,184
8.	पूंजी से जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) (%)	10.2	12.7	13.4	14.2	14.4	14.8

*****